NEWSLETTER

GOLD : 51505
SILVER : 55509
CRUD OIL : 7205

Download Our App "SIS CONNECT" For Daily Updates. CLICK HERE

20/08/2022

मल्टीनेशनल कंपनीज और एमसीएक्स की अटकलों से भारतीय टेक्सटाइल इंडस्ट्री खासे नुकसान में है। कॉटन की उपलब्धता बहुत कम है और कीमतें बहुत ज्यादा है। साथ ही अंतराष्ट्रीय बाजार और भारतीय बाजारों में यार्न की कीमतों में आई असामनता से भी मिल्स को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। गुजरात स्पिनर्स एसोसिएशन के प्रेसिडेंट सौरीन पारिख ने SIS से बातचीत के दौरान यह जानकारी दी।

MCX

गुजरात स्पिनिंग एसोसिएशन ने की एमसीएक्स को बैन करने की मांग

इंडस्ट्री की जड़ों को खोखला कर रहा एमसीएक्स

उन्होंने बताया कि वर्तमान में स्पिनिंग मिल्स के लिए सबसे बड़ी समस्या यह है कि हमारी मिल्स को एमसीएक्स की दर पर भारतीय कपास खरीदना पड़ रहा है और यार्न का निर्यात आईसीई वायदा बाजार की कीमतों के अनुसार करना पड़ रहा है। झूठी जानकारी और अटकलों के आधार पर चल रहा एमसीएक्स वायदा बाजार भारतीय कपड़ा उद्योग की जड़ों को खोखला कर रहा है।

उचित हैचिंग टूल की तरह होना चाहिए इस्तेमाल

सौरीनजी ने कहा कि हमने सरकार को एमसीएक्स के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए पत्र लिखा है। जिसमें एमसीएक्स को भारत में बैन करने की मांग की है। हमारी मांग है कि या तो एमसीएक्स पर कुछ समय के लिए रोक लगाई जाए या कुछ ऐसे नियम और कानून बनाए जाए कि एमसीएक्स सट्टा बाजार से हटकर एक उचित हैचिंग टूल के तौर पर उपयोग किया जा सकें।

गोदाम में केवल 3 हजार गांठ मौजूद

जानकारी के लिए बता दें कि एमसीएक्स वायदा बाजार में अगस्त और नवंबर महीने के भाव में 30 हजार रूपए का भारी अंतर है। एमसीएक्स वायदा बाजार में अगस्त महीने का कॉन्टैक्ट केवल 30 हजार गांठ का है जबकि इसके गोदाम के महज 3 हजार गांठ मौजूद है।

60 प्रतिशत क्षमता पर काम करने को मजबूर डेनिम उद्योग

वहीं दूसरी ओर कपास की अस्थिर कीमतों और उच्च मुद्रास्फीति ने गुजरात के डेनिम उद्योग को ऐसे समय में 60 प्रतिशत क्षमता पर काम करने के लिए मजबूर किया है, जब वह आगामी त्योहारी सीजन में घाटे की भरपाई की उम्मीद कर रहा था। गुजरात में लगभग 25 डेनिम निर्माण मिलें हैं, जिनकी संयुक्त स्थापित क्षमता 1 बिलियन मीटर प्रति वर्ष से अधिक है, जो भारत की कुल 1.6 बिलियन मीटर प्रति वर्ष स्थापित डेनिम क्षमता का 60 प्रतिशत से अधिक है।

हमें उम्मीद है कि 10 सितंबर के बाद से नई फसल की आवक शुरू होगी और तब कपास और यार्न के भावों में कुछ स्थिरता भी आएंगी। 15 अक्टूबर के बाद से मार्केट में कपास की अच्छी उपलब्धता रहेगी।

- सौरीन पारिख, प्रेसिडेंट गुजरात स्पिनर्स एसोसिएशन

जानिए टेक्सटाइल निवेशकों के लिए कैसा रहा यह सप्ताह

15 अगस्त से 20 अगस्त के मध्य प्रमुख टेक्सटाइल कंपनीज की शेयर रिपोर्ट पर एक नजर

इस सप्ताह लगभग सभी प्रमुख टेक्सटाइल कंपनीज के शेयर्स का मार्केट कैप पॉजीटिव रहा। नतीजतन, पिछले सप्ताह के मुकाबले इस सप्ताह शेयर्स के प्राइज में भी बढ़ोतरी हुई। इस कारण पुराने निवेशकों ने जहां राहत की सांस ली वहीं नए निवेशकों ने कुछ दिन रूककर निवेश करने में ही अपनी बेहतरी समझी। आइए जानते है बीएससी के मंच पर कैसी रही प्रमुख टेक्सटाइल कंपनीज की परफॉर्मेंस -

कंपनी	करंट प्राइस	हाई प्राइस	लोएस्ट प्राइस	हलचल
वर्धमान टेक्सटाइल लिमिटेड	334.1	342.8	310.45	7.08%
अरविंद लिमिटेड	99.4	103.5	95.1	3.22%
वेलसपन इंडिया	78.1	82.4	74.6	4.69%
नितिन स्पिनर्स	214.6	223.5	198.2	6.21%
रेमण्ड	972.55	1022.25	934.6	3.86%
अक्षिता कॉटन लिमिटेड	319.55	330.35	290.65	7.70%

NEWSLETTER

NORTH :
CENTRAL :
SOUTH :
(WEATHER REPORT)

Download Our App "SIS CONNECT" For Daily Updates. CLICK HERE

20/08/2022



दुनिया में सबसे महंगा हुआ इंडियन कॉटन

कॉटन के रेट पूरी दुनिया में बढ़ रहे है। हालांकि जुलाई में कॉटन के भाव में कुछ कमी नजर आई थी लेकिन अगस्त में यह दोगुनी तेजी से बढ़े है। बढ़ोतरी के इन आंकड़ों पर नजर करें तो पता चलता है कि वर्तमान में पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा भाव इंडियन कॉटन के ही है। इंडियन फिजिकल कॉटन मार्केट में शंकर 6 के भाव 99 हजार प्रति कैंडी है और एमसीएक्स पर अगस्त के स्पॉट रेट 99,866 है। जबकि चाइना में कॉटन के भाव सबसे कम है। वर्तमान में चाइना कॉटन के सितंबर के स्पॉट रेट 64,466 रूपए प्रति कैंडी है। देखिए अलग-अलग देशों में क्या है कॉटन के वर्तमान भाव-



जानिए कॉटन के लिए कैसा रहा ये सप्ताह

SMART INFO SERVICES
CALL : 91119 77771 - 5
WEEKLY CHART 20.08.2022

ICE COTTON			
MONTH	12.08.2022	19.08.2022	WEEKLY CHANGE
DEC	108.59	116.01	7.42
MARCH	105.64	112.84	7.2
MAY	103.87	109.89	6.02
MCX (BALES)			
AUG	48640	50300	1660
OCT	39810	40400	590
NOV	35130	36650	1520
NCDEX (KAPAS)			
APRIL	1739.5	1761	21.5
NCDEX (COCUD KHAL)			
AUG	2631	2685	54
SEP	2790	2733	-57
DEC	2508	2445	-63
CURRENCY ($)			
INDIAN (Rupee)	79.66	79.91	0.25
PAK (Pakistani Rupee)	218.92	214.919	-4.001
CNY (Chinese yuan)	6.74289	6.81728	0.07439
BRAZIL (Real)	5.07901	5.16992	0.09091
AUSTRALIAN Dollar	1.40292	1.45455	0.05163
MALAYSIAN RINGGITS	4.44414	4.476	0.03186
COTLOOK "A" INDEX	122.75	131	8.25
BRAZIL COTTON INDEX	120.06	125.43	5.37
USDA SPOT RATE	118.8	124.11	5.31
MCX SPOT RATE	45690	47740	2050
KCA SPOT RATE (PAKISTAN)	17500	20500	3000

पिछले सप्ताह की तरह इस सप्ताह भी कॉटन के भाव में तेजी जारी रही। इंटरनेशनल कॉटन एक्सचेंज में दिसंबर, मार्च और मई तीनों ही महीने के वायदा सौदे के भाव में लगभग 6 से 7.4 अंक की बढ़ोतरी देखने को मिली। एमसीएक्स की बात करें तो अगस्त महीने के लिए सप्ताह की शुरूआत में कॉटन के भाव 48640रूपए प्रति बेल थे जो सप्ताहअंत में 1660 रूपए बढ़कर 50300 रूपए हो गए। इसी तरह अक्टूबर और नवंबर महीने के भाव में क्रमशः 590 और 1520 रूपए की बढ़त देखने को मिली। इसके अलावा एनसीडीएक्स पर अप्रैल महीने के लिए कपास के भाव में 21.5 रूपए का इजाफा हुआ।

एमसीएक्स के अलावा इंटरनेशनल कॉटन एक्सचेंज जैसे कॉटलुक ए इंडेक्स, ब्राजील कॉटन इंडेक्स, यूएसडीए स्पॉट रेट, एमसीएक्स स्पॉट रेट और केसीए स्पॉट रेट पर भी इस सप्ताह कॉटन के भाव में बढ़ोतरी देखने को मिली।

करंसी के रेट में भी इस सप्ताह काफी फेरबदल देखने को मिला। केवल पाकिस्तानी रूपये ने डॉलर के खिलाफ मजबूती हासिल की। सप्ताह की शुरूआत में 1 डॉलर की कीमत 218.92 पाकिस्तानी रूपए थी जो सप्ताहअंत में लगभग 4 रूपये घटकर 214.919 हो गई। इसके अलावा भारतीय रूपया, चाइनीज युआन, ब्राजीलियन रिअल, आस्ट्रेलियन डॉलर और मलेशियन रिंगिट सभी के खिलाफ डॉलर ने हल्की बढ़त हासिल की। जबकि गोल्ड, सिल्वर और क्रूड ऑयल के भाव में सप्ताह में कमी दर्ज की गई।